सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के अध्याय–2 की धारा–4 (1) ख (**xv**)

मैनुअल संख्या–15

सूचना अभिप्राप्त करने के लिए नागरिकों को उपलब्ध सुविधाओं की विशिष्टियॉ, जिनमें किसी पुस्तकालय या वाचन कक्ष के, यदि लोक उपयोग के लिए अनुरक्षित हैं तो, कार्यकरण घंटे सम्मिलित है

इस मैनुअल को तैयार करने में यद्यपि यथोचित सावधानियॉ बरती गयी है, तथापि इसके प्रकाशन में यदि कोई त्रुटि/सुझाव रह गये हो तो कृपया अवस्थापना भवन, 583–ठ, राजकीय आई0टी0आई0 निरंजनपुर के सामने, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून– 248001 को डाक द्वारा या टैलीफोन नम्बर 0135-2522941 या ई–मेल bridcul@gmail.com पर सूचित करें ।

मैनुअल–15

1. संकाय का नाम और स्थान

ब्रिडकुल (पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लि0) से संबंधित कोई भी सूचना प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति निगम की वैब साईट www.bridcul.com पर वांछित सूचना प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही अलग से भी एक कक्ष की सुविधा लोक उपयोग के लिए उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्ति निगम से पत्राचार द्वारा भी वांछित उपलब्ध सूचना प्राप्त कर सकते हैं। वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निगम द्वारा सभी सम्भव प्रयास किये जायेंगे।

2. उपलब्ध कराई गई जानकारी का विवरण

सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत कोई भी भारतीय नागरिक, जो निगम से संबंधित कोई भी सूचना प्राप्त करने का इच्छुक हो निर्धारित वांछित सूचना प्राप्त करने हेतु संबंधित लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी को निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र लिखित माध्यम से प्रेषित कर सकता है।

3. सुविधा के कार्य घंटे

कार्यालय समय – प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

आवेदन शुल्क

सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 6, उप धारा (1) के अनुसार सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र के साथ निर्धारित आवेदन शुल्क संलग्न किया जाना आवश्यक है। आवेदन शुल्क वर्तमान में निम्न है, जो समय समय पर परिवर्तित किया जा सकता है– **आवेदन शुल्कः रू 10/–**

जो व्यक्ति बी0पी0एल0 श्रेणी (Below Poverty Line Category) में आते हैं, को शुल्क देना आवश्यक नहीं है, यद्यपि इसके लिए उन्हे समुचित प्रमाण संलग्न करना होगा।

अतिरिक्त शुल्कः

अधिनियम के अन्तर्गत यदि यह सुनिश्चित किया जाता है कि सूचना देय है तथा देय सूचना हेतु आवेदक को वांछित अतिरिक्त शुल्क जमा करने हेतु सूचित कर दिया जायेगा एवं उसके द्वारा अतिरिक्त शुल्क जमा कराने के पश्चात् ही सूचना आवेदक को उपलब्ध करायी जायेगी। सूचना हेतु अतिरिक्त शुल्क, जो समय समय पर परिवर्तित किया जा सकता है वर्तमान में निम्न है।

अ	प्रत्येक पेज (ए–4 अथवा ए–3) हेतु	रू0 2/– प्रति पेज
ब	बड़े साइज पेपर हेतु (प्रति कापी)	वास्तविक शुल्क अथवा लागत मूल्य
स	सैम्पल अथवा मॉडल हेतु	वास्तविक मूल्य अथवा लागत
द	अभिलेखों को देखने हेतु	प्रथम घन्टे हेतु शुल्क देय नहीं एवं उसके उपरान्त प्रत्येक 15 मिनट (अथवा उसके भाग) हेतु रू0 5/– शुल्क देय है।

भुगतान की विधिः

आवेदन शुल्क नकद (जिसकी प्राप्ति रसीद दी जायेगी), डिमांड ड्राफ्ट/ बैंकर चैक/ पोस्टल आर्डर के माध्यम से दिया जा सकता है। उक्त के अतिरिक्त शुल्क के भुगतान की विधि आवेदन शुल्क के समान ही होगी।

अपील

अधिनियम की धारा 7, उपधारा 3 (ए) (1) में निर्दिष्ट समय सीमा के अन्तर्गत आवेदक को लोक सूचना अधिकारी से कोई निर्णय प्राप्त न होने अथवा प्राप्त निर्णय से सन्तुष्ट न होने की दशा में निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के 30 दिन के अन्दर आवेदक अपीलीय अधिकारी को शिकायती पत्र प्रस्तुत कर अपील कर सकता है।

लाइब्रेरी सुविधा

ब्रिडकुल (पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लि0) में पुस्तकों एंव दस्तावेजों के अवलोकन हेतु पृथक रूप से एक कक्ष की व्यवस्था की गई है इच्छुक व्यक्ति पुस्तकों दस्तावेजों के अवलोकन हेतु नियमानुसार अवलोकन कर सकते है।

4. संपर्क व्यक्ति और संपर्क विवरण (फोन फैक्स ईमेल)

रिकॉड रूम इंचार्ज